प्रदर्शन

ईंधन की महंगाई से देवगांव में फूटा गुस्सा, सरकार से सब्सिडी की मांग

# ग्राम देवगांव में किराया वृद्धि के विरोध में चक्काजाम

**नवभारत, मंडला।** मंडला जिले के ग्राम देवगांव में ग्रामीणों का आक्रोश उस समय सड़कों पर देखने को मिला, जब बढ़े हुए यात्री किराए के विरोध में लोगों ने चक्का जाम कर दिया। इस प्रदर्शन के कारण मार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित रहा। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि डीजल और पेट्रोल की लगातार बढ़ती कीमतों के चलते निजी वाहन संचालकों ने मनमाना किराया बढ़ा दिया है, जिससे रोजमर्रा की जिंदगी व्यतीत करने वाले मजदूरों, किसानों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों का बजट पूरी तरह गड़बड़ा गया है।





**बस चालकों से ज्यादा सरकार जिम्मेदार**

प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने एक परिपक्व और व्यावहारिक दृष्टिकोण रखते हुए कहा कि केवल वाहन मालिकों को दोष देना सही नहीं है। जब ईंधन के दाम आसमान छू रहे हैं और वाहनों का रखरखाव महंगा हो चुका है, तो किराए में वृद्धि होना स्वाभाविक है। ग्रामीणों का मानना है कि इस स्थिति के लिए सीधे तौर पर सरकार जिम्मेदार है, क्योंकि वही महंगाई पर नियंत्रण पाने में विफल साबित हो रही है।

**उग्र आंदोलन की चेतावनी :** ग्रामीणों ने प्रशासन और शासन को चेतावनी दी है कि यदि किराया वृद्धि और महंगाई का जल्द कोई स्थाई समाधान नहीं निकाला गया, तो इस आंदोलन को जिले भर में और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा।

**ग्रामीणों की प्रमुख मांगें**

ग्रामीणों का कहना है कि सरकार तुरंत डीजल और पेट्रोल की दरों पर नियंत्रण लगाए। ग्रामीण क्षेत्रों की परिवहन व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए सरकार विशेष राहत पैकेज या सब्सिडी उपलब्ध कराए। आम जनता को आर्थिक राहत देने के लिए ठोस और प्रभावी नीतियां लागू की जाएं। ग्रामीणों का कहना है कि महंगाई की मार से जनता बेहाल है। यह सवाल सिर्फ कुछ रुपये किराए का नहीं, बल्कि आम आदमी की रोजी-रोटी और अस्तित्व का है। सरकार को अब जवाब देना ही होगा कि आखिर कब तक जनता इस बेतहाशा महंगाई का बोझ उठाती रहेगी।

# मेरा विद्यालय सुन्दर विद्यालय अभियान को मिले गति

**बबलिया संकुल में संस्था प्रमुखों की बैठक, अनुपस्थित चार प्राचार्यों को कारण बताओ नोटिस जारी**



**बबलिया।** गत शैक्षणिक सत्र में ब्लॉक स्तर पर प्रारंभ किए गए मेरा विद्यालय, सुन्दर विद्यालय नवाचार अभियान को नए सत्र में और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के उद्देश्य से संकुल केंद्र बबलिया में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। संकुल प्राचार्य डीके सिंगौर एवं बीआरसी कमलेश भवेदी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में संकुल के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों के संस्था प्रमुखों ने भाग लिया।

बताया गया कि पिछले वर्ष नवंबर माह में शुरू हुए इस नवाचार के अंतर्गत ब्लॉक के लगभग 90 प्रतिशत विद्यालयों ने अपने स्तर पर बुनियादी सुधार किए थे। अभियान के प्रथम चरण में विद्यालय भवनों का आकर्षक रंग-रोगन, पेंटिंग, पेयजल व शौचालय व्यवस्था, टीएलएम (शिक्षण-अधिगम सामग्री), खेल सामग्री का संधारण और वृक्षारोपण जैसी गतिविधियों में सराहनीय प्रगति दर्ज की गई थी। पूर्व में जनशिक्षकों द्वारा 10 निर्धारित संकेतकों (इंडिकेटर्स) के आधार पर ब्लॉक के 189 विद्यालयों का मूल्यांकन किया गया था, जिसमें पहली रेटिंग के बाद कई स्कूलों ने अपनी ग्रेडिंग में उल्लेखनीय सुधार किया था।

**अनुपस्थित संस्था प्रमुखों को नोटिस :** बैठक में माध्यमिक शाला सुखराम, हाई स्कूल सुखराम, हाई स्कूल बरबटी एवं माध्यमिक शाला जुझारी के संस्था प्रमुख बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। अधिकारियों ने इसे अत्यंत गंभीरता से लेते हुए चारों संस्था प्रमुखों को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा मामले से उच्च अधिकारियों को अवगत कराने का निर्णय लिया है।

**15 जुलाई तक नई ग्रेडिंग और 31 दिसंबर तक महा-लक्ष्य**

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 15 जुलाई तक संकुल की सभी शालाओं का पुनः 10 निर्धारित पैमानों के आधार पर मूल्यांकन कर नई ग्रेडिंग सूची जारी की जाएगी। इसके साथ ही, संकुल प्रबंधन ने 31 दिसंबर तक अपने अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों को अनिवार्य रूप से ए ग्रेड की श्रेणी में लाने का एक बड़ा और महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। इस नवाचार के तहत शिक्षकों की शैक्षिक संवाद बैठकें, टीएलएम निर्माण, दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा सम्मेलन और छुट्टी के समय विद्यार्थियों का पंक्तिबद्ध होकर पहाड़े व कविता वाचन करते हुए प्रस्थान करना जैसी प्रेरणादायी गतिविधियां निरंतर जारी रहेंगी।

**एक नजर में**



## बीजाडांडी पुलिस ने छात्रों को बताए साइबर सुरक्षा के उपाय

**बीजाडांडी।** बीजाडांडी थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से बीजाडांडी पुलिस द्वारा सेफ क्लिक 2.0 जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस टीम ग्राम कालपी पहुंची, जहां कालपी क्रीड़ा परिसर में छात्रों और विद्यालय के स्टाफ को साइबर ठगी से बचाव के आसान तरीके और सतर्कता बरतने के उपाय बताए गए। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी शेयर न करने और संदिग्ध कॉल से सावधान रहने की हिदायत दी। अंत में उपस्थित छात्रों और शाला स्टाफ को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार और साइबर सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई।

## वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत दावों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश

**मंडला।** कलेक्टर कार्यालय मंडला द्वारा वन अधिकार अधिनियम के तहत लंबित दावों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। जारी निर्देशों में कहा गया है कि सभी संबंधित अधिकारी पात्र हितग्राहियों के दावों का समय-सीमा में परीक्षण एवं निराकरण सुनिश्चित करें। इस संबंध में सहायक आयुक्त कार्यालय में संबंधित अधिकारियों की आवश्यक बैठक आयोजित कर लम्बित दावों के परीक्षण तथा नियमानुसार समुचित अनुशंसा के साथ जिला स्तरीय समिति के समक्ष आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के संबंध में चर्चा की गई।

बैठक में सहायक आयुक्त डॉ. अरूण शुक्ला ने बताया कि वर्ष 2026-27 के दौरान प्राप्त दावों के साथ-साथ पूर्व से लंबित प्रकरणों की भी प्राथमिकता के आधार पर समीक्षा की जाएगी।

## जिले में 9 जुलाई को 6.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**मंडला।** जिले में मानसून की गतिविधियाँ जारी हैं। 9 जुलाई को जिले में 6.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। हालांकि, इस वर्ष अब तक वर्षा का आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में काफी कम बना हुआ है। अधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 1 जून से 9 जुलाई 2026 तक जिले में 255.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 810 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। इस प्रकार इस वर्ष अब तक 554.3 मिलीमीटर कम वर्षा दर्ज की गई है। 9 जुलाई को विकासखंडवार वर्षा की बात करें तो मंडला में 7.8 मिमी., बिछिया में 5.1 मिमी दर्ज की।

# शिक्षकों की लंबित समस्याओं के लिए एसी को सौंपा ज्ञापन

**ट्राइबल वेल्फेयर टीचर्स एसोसिएशन ने नवागत एसी अरुण शुक्ला का किया स्वागत**



**मंडला।** ट्राइबल वेल्फेयर टीचर्स एसोसिएशन की जिला इकाई ने नवागत सहायक आयुक्त अरुण शुक्ला से भेंट कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया और उनका अभिनंदन किया। एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष डीके सिंगौर एवं जिलाध्यक्ष दिलीप मरावी के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने जिले के शिक्षकों की विभिन्न लंबित एवं गंभीर समस्याओं की ओर सहायक आयुक्त का ध्यान आकर्षित किया।

बैठक में टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षकों की प्रमुख मांगें व समस्याएं रखी। जिसमें एसोसिएशन ने स्कूल शिक्षा विभाग में माध्यमिक शिक्षक पद पर चयनित प्राथमिक शिक्षकों का मुद्दा उठाते हुए मांग की कि उनसे त्यागपत्र लेने के बजाय लोक शिक्षण संचालनालय के नियमानुसार कार्यमुक्त किया जाए। प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षकों की लंबित क्रमोन्नति की फाइलों के शीघ्र निराकरण की मांग की गई। नियुक्ति के 3 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी जिन शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि समाप्त नहीं की गई है, उन पर तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया गया। प्रतियोगी और विभागीय परीक्षाओं में शामिल होने वाले शिक्षकों को समय पर अनापत्ति प्रमाण पत्र न मिलने की शिकायत दर्ज कराई गई। शिक्षकों ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में व्याप्त मनमानी और अनियमितताओं पर रोक लगाने की मांग की।

थांवर पुल से निवारी तिराहे तक बेतरतीब पार्किंग और अतिक्रमण का कब्जा

# नैनपुर के मुख्य मार्ग पर भीषण जाम से चरमराई यातायात व्यवस्था

**नैनपुर।** नैनपुर नगर के मुख्य मार्ग पर प्रतिदिन लग रहा भीषण जाम स्थानीय निवासियों, व्यापारियों और राहगीरों के लिए मुसीबत बन चुका है। खास तौर पर थांवर नदी के पुल से लेकर निवारी तिराहा तक दोनों ओर घंटों रेंगते वाहनों, फुटपाथों पर अतिक्रमण और सड़क तक बिखरे कबाड़ के कारण लोगों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। इस गंभीर समस्या के बावजूद संबंधित विभाग मूकदर्शक बने हुए हैं, जो नवागत थाना प्रभारी के लिए भी एक बड़ी चुनौती है।





बताया गया कि नैनपुर के मुख्य मार्ग पर दुकानदारों द्वारा सड़कों व पेवर ब्लॉक फुटपाथों तक अवैध रूप से सामान फैलाकर कब्जा कर लिया गया है। नो-पार्किंग जोन होने के बावजूद बेतरतीब तरीके से दोपहिया व चारपहिया वाहन पार्क किए जा रहे हैं। व्यस्ततम चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस या होमगार्ड के जवानों की पर्याप्त तैनाती न होने से व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

रोज-रोज के जाम से स्थानीय व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। वहीं एम्बुलेंस, स्कूली बच्चों और नौकरीपेशा लोगों को समय पर अपने गंतव्य तक पहुँचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों का कहना है कि पूर्व में कई हादसों के बाद प्रशासन को ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन नगर पालिका और पुलिस प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

**सख्त कार्रवाई की मांग**

क्षेत्रीय नागरिकों व व्यापारियों ने स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि थांवर पुल से निवारी तिराहे तक तत्काल अतिक्रमण हटाया जाए, व्यस्त समय में वन-वे व्यवस्था लागू की जाए तथा नो-पार्किंग में वाहन खड़ा करने वालों पर कड़ाई से चालानी कार्रवाई की जाए।

# मानवता की मिसाल, भीषण सड़क दुर्घटना में बचाई 4 जिंदगियां

**साहसी कार्य के लिए अग्निमंडल समूह ने मनीष बर्मन और सहयोगियों को किया सम्मानित**



**मंडला।** नारायणगंज मुख्यालय के क्षेत्रीय निवासी मनीष बर्मन और उनके सहयोगियों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए मानवता का एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। एक भीषण सड़क दुर्घटना के दौरान तत्परता दिखाते हुए इन साहसी युवाओं ने मासूम बच्ची सहित चार लोगों की जान बचा ली। इस सराहनीय और जांबाज कार्य के लिए सामाजिक समूह अग्निमंडल द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में उन्हें शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

जानकारी अनुसार बीती 6 जुलाई की रात नारायणगंज स्थित बलाई पुल पर एक बड़ा हादसा हो गया। मध्य प्रदेश शासन का एक शासकीय बोलेरो वाहन अचानक सामने आए मोटरसाइकिल सवार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पुल से सीधे नीचे जा गिरा। वाहन में एक पुरुष, दो महिलाएं और एक महज 2 वर्ष की मासूम बच्ची सवार थीं। हादसा होते ही मौके पर मौजूद मनीष बर्मन और उनके साथी बिना एक पल गंवाए मदद के लिए दौड़ पड़े। उन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद दुर्घटनाग्रस्त वाहन से सभी चारों घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया। सही समय पर प्राथमिक उपचार मिलने की वजह से सभी घायलों की जान बच सकी।

**महाआरती के बाद हुआ सम्मान**

युवाओं के इस मानवीय और साहसिक कार्य की सराहना करते हुए अग्निमंडल समूह द्वारा महाआरती के बाद एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समूह के पदाधिकारियों और सदस्यों ने मनीष बर्मन व उनकी पूरी टीम का अभिनंदन किया। वक्ताओं ने कहा कि संकट की घड़ी में मनीष और उनके साथियों द्वारा दिखाई गई यह तत्परता पूरे समाज के लिए एक प्रेरणा है।

21 अगस्त को निकलेगी शोभायात्रा, 40 दिनों तक गूंजेंगे भक्ति के स्वर, तैयारियां पूर्ण

# अखंड ज्योत के पूजन से शुरू होगा झूलेलाल चालीसा महोत्सव

**मंडला।** सिंधी समाज के इष्ट देव भगवान श्री झूलेलाल जी की आराधना, श्रद्धा और भक्ति का पावन पर्व चालीसा महोत्सव प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बेहद धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। अम्बेडकर वार्ड स्थित श्री भगवानी बाई केवल राम श्री झूलेलाल मंदिर में इस 40 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन सभी परिवारों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना के उद्देश्य से किया जा रहा है।



बताया गया कि महोत्सव की शुरुआत सोमवार 13 जुलाई को होगी। सुबह सामाजिक पंडित रानूनाथ शर्मा द्वारा श्री झूलेलाल मंदिर में विधि-विधान से अखंड ज्योत प्रज्वलित की जाएगी, जिसके साथ ही 40 दिनों का यह भक्ति पर्व प्रारंभ हो जाएगा।

**40 दिनों तक चलेगी कठिन साधना और धार्मिक आयोजन :** चालीसा महोत्सव के दौरान श्रद्धालु 40 दिनों तक उपवास रखकर अपने इष्टदेव की विशेष आराधना और साधना करेंगे। इस दौरान मंदिर में प्रतिदिन सुबह और शाम आरती-पूजा का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। इस दौरान आयोजित होने वाले आयोजनों में प्रतिदिन सुबह-शाम भव्य आरती और कथा-कीर्तन किया जाएगा।

# मोहगांव में 24 छात्राओं को मिली नि :शुल्क साईकिल



**मोहगांव।** शासकीय कन्या हाई स्कूल मोहगांव में छात्राओं के लिए नि:शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विद्यालय परिवार, छात्राओं और उनके पालकों की उपस्थिति में कक्षा में अध्ययनरत 24 छात्राओं को शासन की योजना के तहत निःशुल्क साइकिलें प्रदान की गईं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत मोहगांव के उपाध्यक्ष एवं जनपद शिक्षा समिति के सभापति शिवकुमार मिश्रा उपस्थित रहे। उनके साथ जनपद पंचायत सदस्य बोध सिंह मरकाम, ग्राम पंचायत मोहगांव माल की सरपंच श्रीमती गुड्डी बाई भारतीया, पंच इमरान खान और जयदीप दुबे विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने छात्राओं को शिक्षा के प्रति समर्पित रहने, नियमित रूप से स्कूल आने और अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

# राज्य नोडल अधिकारी ने किया जिला अस्पताल और आईसीटीसी केंद्र का निरीक्षण

**समीक्षा बैठक में दिए आवश्यक निर्देश**



**मंडला।** राज्य स्तर से जिला भ्रमण पर पधारीं श्रीमती सविता ठाकुर (संयुक्त संचालक आईईसी एवं मॉनिटरिंग सह नोडल अधिकारी, मिशन एड्स सुरक्षा) ने जिला अस्पताल और आईसीटीसी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र के विभिन्न रिकॉर्ड्स का बारीकी से अवलोकन किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

अस्पताल के निरीक्षण के बाद सीएमएचओ सभागार में संयुक्त संचालक की अध्यक्षता में एक जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने एड्स नियंत्रण और सुरक्षा से जुड़े सम्पूर्ण कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा की। श्रीमती ठाकुर ने उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को फील्ड स्तर पर काम में और तेजी लाने तथा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में संयुक्त संचालक के साथ जिला स्वास्थ्य अधिकारी, नोडल अधिकारी जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम, जिला एपीडेमोलॉजिस्ट, सिविल सर्जन के प्रतिनिधि, प्रभारी डीपीसी एनटीईपी, समस्त ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर सहित एड्स वर्टिकल के सभी अधिकारी और कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम

मंडला में जनशिक्षा केंद्र स्तरीय समावेशित शिक्षा प्रशिक्षण संपन्न, 288 शिक्षक व जनशिक्षक हुए शामिल

# प्रशस्त ऐप और दिव्यांग बच्चों की स्क्रीनिंग पर शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण

**नवभारत, मंडला।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार एवं जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में जनशिक्षा केंद्र स्तरीय समावेशित शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

विकासखंड एमआरसी संदीप कुमार सोनी ने बताया कि इस प्रशिक्षण में प्राथमिक, माध्यमिक व एकीकृत शालाओं के 270 प्रभारी शिक्षकों तथा 18 जन शिक्षकों सहित कुल 288 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।



प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार द्वारा विकसित प्रशस्त ऐप के माध्यम से अध्ययनरत बच्चों की स्क्रीनिंग करना तथा सामान्य विद्यालयों में पढ़ने वाले दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए ब्रेल लिपि, सांकेतिक भाषा, 21 प्रकार की दिव्यांगताओं की पहचान और विशेष शिक्षण तकनीकों की जानकारी देना था।

कार्यक्रम के दौरान जिला परियोजना समन्वयक अशोक शुक्ल, एपीसी केके उपाध्याय, डाइट प्राचार्य डीसी उइके और बीआरसी अनादि वर्मा ने शिक्षकों को दिव्यांग बच्चों के साथ संवेदनशील व्यवहार करने और उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। एमआरसी प्रशांत वैध और संदीप सोनी ने दिव्यांगता पहचान व व्यक्तिगत शैक्षिक कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही एमआईएस समन्वयक स्वाती सोनवानी ने अपार आईडी निर्माण, यू-डाइस पोर्टल तथा ऑनलाइन कार्यों में आ रही समस्याओं के समाधान का व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया।

# रानी दुर्गावती कॉलेज में 3 दिवसीय दीक्षारम्भ समारोह आयोजित

**मंडला।** उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंडला में 1 जुलाई से 3 जुलाई तक तीन दिवसीय दीक्षारम्भ कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय में नवप्रवेशी स्नातक एवं स्नातकोत्तर के सभी संकायों के विद्यार्थियों का तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया गया।



महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. टीपी मिश्रा ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, एमडीसी कोर्स, शासकीय योजनाओं और आर्थिक उपार्जन के लिए लक्ष्य केंद्रित अध्ययन की जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को संकायों की मेरिट सूची में स्थान बनाने और एलुमिनाई नेटवर्क से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विषय विशेषज्ञों ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। जिसमें डॉ. डीके दुबे ने नई शिक्षा नीति 2026, मल्टीडिसीप्लिनरी कोर्स और एबीसी क्रेडिट पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. सीमा धुर्वे ने गांव की बेटी, प्रतिभा किरण तथा डॉ. पीएल झारिया ने पोस्ट-मैट्रिक व आवास सहायता योजनाओं से अवगत कराया। डॉ. राजेश धुर्वे ने एनसीसी से सीआरपीएफ में चयनित 3 विद्यार्थियों की उपलब्धि साझा की।